लांग ड्राइव

नई दिल्ली में मंगलवार को मिंडा समूह द्वारा जर्मनी की कंपनी एक्सीज कोएंनजेन के अधिग्रहण की घोषणा के अवसर पर कंपनी के चेयरमैन अशोक मिंडा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी। फोटो : रजत गुप्ता

मिंडा समूह ने जर्मनी की कंपनी को खरीदा

नई दिल्ली (ब्यूरो)। ऑटोमोबाइल कलपुर्जे बनाने वाली प्रमुख कंपनी अशोक मिंडा समूह ने जर्मनी की कंपनी एक्सीज कोएंनजेन का अधिग्रहण करने की घोषणा की है। कंपनी के अध्यक्ष अशोक मिंडा ने मंगलवार को पत्रकारों को यह जानकारी दी। उन्होंने इसका खुलासा नहीं किया कि यह सौदा कितने रकम में हुआ है।

उन्होंने बताया कि मिंडा का अगले दो साल के भीतर आईपीओ लाने की योजना है। कंपनी साल 2013-14 तक अपना कारोबार बढ़ाकर 6,000 करोड़ रुपए तक पहुंचाना चाहती है। एक्सीज कोएंनजेन प्रमुख कार कंपनियों फक्सोवैगन समूह, डेमलर और जनरल मोटर्स को कलपुर्जों की आपूर्ति करने वाली और कंपोजिट मॉडुलर बनाने वाली कंपनी है। अशोक मिंडा ने बताया, 'यह यूरोप में समूह का छठां अधिग्रहण है। एक्सीज के मौजूदा एसेट, कारखानों की क्षमता और कारोबार का कुल वैल्यूएशन करीब 13.5 करोड़ यूरो है।